सार-समाचार

एक शाम हिंदी के नाम

कोटा, (निसं)। द पोएट्री क्लब कोटा द्वारा एक शाम हिंदी के नाम, काव्य संध्या, कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष राहुल धाकड़ और संयोजक विकास शर्मा ने बताया कि 14 सितंबर 2025 को एलन सम्यक चौक लैंडमार्क सिटी कोटा पर आयोजित कार्यक्रम में स्टूडेंट जहां अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन कर काव्य पाठ करेंगे वहीं अन्य कवि भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। युवाओं के जोश से भरपूर इस कार्यक्रम में स्टूडेंटों की सबसे अधिक भागीदारी रहेगी, और जो भी विद्यार्थी अपनी प्रस्तुति देना चाहता है वह मंच सांझा कर सकता है। आयोजक अभिषेक चौरसिया एवं शायर दीपक परिहार (बेवफा चाय वाला) ने बताया कि इस आयोजन में कोटा शहर का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस तरह का कार्यक्रम कोटा में पहली बार आयोजित किया जा रहा है जिसमें हिंदी को महत्व दिया गया है। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन युवा टीम द्वारा किया गया। इस दौरान सहयोगी अर्पित मीणा सहित कई लोग उपस्थित रहे। शायर दीपक परिहार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मंच संचालक सुधीर यादव का रहेगा, जबकि वरिष्ठ शायर नरेंद्र शर्मा, कवि राजेंद्र अखंड, कवित्री आर्या, कवि एवं गीतकार सुमंत सरल, शायर माही वैष्णव, शायर सुमन आजाद, कवित्री गुंजन पंजवानी, शायर तनुज शर्मा, सिंगर कैलाश पारीक, शायर वीर बैरागी एवं दीपक परिहार सहित कई कलाकार अपनी प्रस्तुति से हिंदी दिवस को यादगार बनाएंगे, कोचिंग स्टूडेंट को समर्पित इस कार्यक्रम में कई संदेश पारक गीत और चांद भी होंगे तो एक और मस्ती के साथ जिंदगी को खुशनुमा बनाए जाने का पूरा प्रयास इस कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा।

स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन

माँगरोल । उपखण्ड क्षेत्र बोहत कस्बे में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बोहत मंडल की ओर से भव्य पथ संचलन निकाला गया। इससे पहले तेजाजी चौक पर स्वयंसेवक एकत्र हुए, जहाँ आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में विभाग प्रचारक हेमेन्द्र ने संबोधित करते हुए कहा कि संघ सौ वर्ष की यात्रा पूर्ण करने पर समाज परिवर्तन के लिए सभी स्वयंसेवक अधिक से अधिक समय समर्पित करें। उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष में प्रत्येक हिन्दू परिवार को जोड़ने, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक शिष्टाचार को अपनाकर समान परिवर्तन का आ ान किया। कार्यक्रम उपखंड कार्यवाह सुनील गौड़ के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इसके बाद पथ संचलन कस्बे के मुख्य मार्गों से निकला जो बालाजी मंदिर, बैरवा बस्ती, बस स्टैंड, नृसिंह भगवान मंदिर, देवरा बालाजी, पोस्ट ऑफिस, भगतसिंह सर्किल, केशवराय महाराज मंदिर सहित चार किलोमीटर लंबे मार्ग से होकर गुजरा। संचलन में घोष वादन और भगवा ध्वज की छटा आकर्षण का केंद्र रही। पथ संचलन में बोहत, हिंगोनियां, पाडलिया, श्यामपुरा, भगवानपुरा और मोतीपुरा मंडल के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कस्बे के लोगों ने जगह-जगह रंगोलियां सजाकर और दो दर्जन से अधिक स्वागत द्वारों पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस अवसर पर खंड कार्यवाह भंवरलाल सुमन, सह उपखंड कार्यवाह मोनू राठौर, निर्मल सुमन, सूरजमल चौधरी, खेमराज मालव, घनश्याम मेहरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आपदा राहत प्रस्तावों में सभी तरह के नुकसान को शामिल किया जाए : कलक्टर

■ 'अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे पूरी संवेदनशीलता से करें'

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि इस बार हुई अतिवृष्टि से कई तहसीलों में फसलों को काफी नुकसान हुआ है। अतिवृष्टि से नुकसान का सर्वे फील्ड में कार्य कर रहे पटवारी, गिरदावर, ग्राम सेवक एवं कृषि पर्यवेक्षक संवेदनशीलता के साथ करें ताकि प्रभावित ग्रामीणों एवं किसानों को उचित मुआवजा समय पर मिल सकें। समारिया बुधवार को लाड़पुरा तहसील कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि से घरों, पशुओं, फसलों एवं अन्य नुकसान का सर्वे कार्य पूर्णत: गंभीरता के साथ किया जाए। पटवारी, गिरदावर एवं सर्वे से जुड़े अन्य कर्मचारी-अधिकारी किसानों के साथ-साथ स्थानीय जन प्रतिनिधियों से भी चर्चा करें। कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा जुटाए गए आंकड़े भी चेक किए जाएं।

उन्होंने कहा कि आपदा राहत के प्रस्तावों में सभी तरह के नुकसान को शामिल किया जाए। भारी बारिश से हुए जल भराव से मकानों, बर्तन, कपड़ों के साथ ही पशुओं के चारे के नुकसान का भी आंकलन कर सर्वे रिपोर्ट में शामिल करें। जिला कलक्टर ने कहा कि अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जो प्रारंभिक रिपोर्ट फील्ड से भेजी गई है उसमें काफी सुधार की आवश्यकता है। पटवारी, गिरदावर एवं संबंधित विभागीय अधिकारी कार्यालय में बैठने की बजाय फील्ड में जाएं और नुकसान का सही आंकलन कर सर्वे रिपोर्ट तैयार करें। समारिया ने कहा कि 15 सितम्बर से शुरु हो रहे शहर चलो अभियान एवं 18 सितम्बर से शुरु हो रहे ग्राम चलो अभियान के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में अंतिम छोर के व्यक्ति को अधिक से अधिक राहत पहुंचाने का प्रयास करें। ग्राम चलो अभियान शिविरों में आने वाले राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज की योजनाओं से जुड़े कार्यों को भी तत्परता से किया जाए ताकि अभियान के उद्देश्य पूरे हो सकें। बैठक में उपखंड अधिकारी लाडपुरा गजेन्द्र सिंह, बीडीओ शैलेष रंजन सहित राजस्व, कृषि, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, लाड़पुरा तहसील के पटवारी, गिरदावर, ग्राम सेवक आदि उपस्थित थे।

गोल्डन टेम्पल मेल एक्सप्रेस का निरीक्षण

कोटा, (निसं)। यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कोटा मंडल द्वारा लगातार निगरानी और निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने गाड़ी संख्या 12903 मुम्बई सेंट्रल-अमृतसर गोल्डन टेम्पल मेल एक्सप्रेस का कोटा से भरतपुर तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय एवं मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशों के अनुरूप जैन द्वारा गाड़ी की पैंट्री कार की स्थिति का विशेष रूप से जायजा लिया गया, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं। पैंट्री में अस्वच्छता, पैंट्री के अंदर ही खाना पकाने, बिना पहचान पत्र के वेंडरों की उपस्थिति एवं अनधिकृत विक्रेताओं के संचालन जैसे मामले सामने आए। इन सभी मामलों में उन्होंने आईआरसीटीसी अधिकारियों को सूचित करते हुए त्वरित दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

ईडब्ल्यूएस को पंचायत व निकाय चुनावों में मिले 10 प्रतिशत आरक्षण

■ सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर पंचायत एवं निकाय चुनावों में ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के लिए 10 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण लागू करने की मांग की

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण कल्याण परिषद कोटा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मुख्य सचिव सुधांशु पंत एवं राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर पंचायत एवं निकाय चुनावों में ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के लिए 10 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण लागू करने की मांग की। परिषद के पदाधिकारियों ने कोटा संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय योजना के तहत गरीब व कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है, ऐसे में आगामी पंचायत एवं निकाय चुनावों में भी ईडब्ल्यूएस वर्ग को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिऐं। ज्ञापन में कहा गया कि जब एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिला वर्ग को चुनावों में आरक्षण का प्रावधान है तो ईडब्ल्यूएस वर्ग को भी 10 प्रतिशत सीटों का आरक्षण दिया जाऐं।

ससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गरीब तबकों को राजनीति में भागीदारी का अवसर मिल सकेगा। ज्ञापन देने वालों में परिषद के संयोजक अनिल तिवारी, शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, दिलीप ओदिच्या श्याम मनोहर हरित, दिनेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश तनकारिया, बुद्धि प्रकाश दाधीच, लोकेश शर्मा, पीयूष शर्मा, मनोज शर्मा, लोकेश गौतम, सत्यनारायण पारीक, हंसा त्यागी, तुलसीराम शर्मा, गिरिराज शर्मा, विष्णुकांत शर्मा, चंद्र प्रकाश पाठक, रमेश चंद शर्मा, दिनेश दुबे, देवेंद्र तिवारी, प्रमोद शर्मा, गोपाल शर्मा, अशोक मिश्रा, सुशील शर्मा, विपिन शर्मा, राजेश शर्मा, केशव दत्त शर्मा, विनीत बाजपेई, चंद्र प्रकाश शर्मा, गिरधार दधीच, पुष्प कांत शर्मा, रोहित दाधीच, अजय शर्मा, रितु शर्मा, सिंपल शर्मा, रेखा कनोडिया, अक्षय शर्मा, प्रकाश शर्मा, राहुल जोशी, नंद गोपाल गौड़, नवल शर्मा, हरिओम सनाढ्य, गोविंद नारायण शर्मा, अजय गौड़, रूद्रेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'वास्तविक दुनिया को सकारात्मकता के साथ जिए'

कोटा, (निसं)। आर्य उपप्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के तत्वाधान में विगत 10 दिनों से चलाए जा रहे जनजागरूकता के कार्यक्रम जीवेम शरद-शतम् का एलबीएस ग्रुप के परिसर में भव्यता के साथ में आयोजन किया गया। युवाओं में आत्महत्या रोकथाम की अलख जगाई गई। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर महावीर नगर विस्तार योजना स्थित एलबीएस ग्रुप के शैक्षणिक परिसर में उपस्थित गणमान्यजनों व छात्रों को संबोधित करते हुए वैदिक विद्वान आचार्य अग्निमित्र शास्त्री ने कहा कि वर्तमान में लोग एक आभासीय दुनिया में जी रहे हैं जिसका सत्यता के साथ कोई संबंध नहीं है इसलिए हमें वर्चुअल दुनिया से बाहर निकाल वास्तविक दुनिया में सकारात्मक विचारों के साथ जीना चाहिऐं। शास्त्री ने कहा कि वैदिक सिद्धांतों के अनुरूप 100 वर्षों तक प्रसन्नतापूर्वक जीवन जीना चाहिऐं। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक राकेश चड्ढा ने बताया कि इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना के मंत्रोच्चार पूर्वक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आर्य उप प्रतिनिधि सभा के संभागीय प्रधान अरविंद पांडेय ने आगंतुक विद्वानों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर आर्य समाज द्वारा चलाए गए जन जागरूकता कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रतिनिधियों द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा ग्रुप के डायरेक्टर कुलदीप माथुर का वैदिक पद्धति से स्वागत अभिनंदन किया गया। आर्यजनों ने कुलदीप माथुर को ओम का पटका, मोतियों की माला व केसरिया पगड़ी पहना करके स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

रनिंग स्टाफ मे पदोन्नतियॉ नहीं होने पर कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

■ कोटा मण्डल मे काफी लम्बे समय से रनिंग स्टॉफ को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है

कोटा, (निसं)। कोटा मण्डल मे कार्यरत रनिंग स्टॉफ के कर्मचारी पदोन्नतियॉ नहीं मिलने से काफी रोष मे थे, जिसके चलते बुधवार को मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय मे रनिंग कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। लोको शाखा सचिव मट्ठू लाल मीणा ने बताया कि कोटा मण्डल मे काफी लम्बे समय से रनिंग स्टॉफ को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस बारे मे प्रशासन को भी बार-बार अवगत कराया गया था, परंतु प्रशासन द्वारा इन परेशानियों को दूर करने हेतु कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। रनिंग विभाग मे काफी रिक्तियां चल रही है जिसके कारण कर्मचारियों को समय पर रेस्ट नहीं मिल पा रहे है, न ही आवश्यकतानुसार छुट्टियॉ मिलती है। कर्मचारियों से ओवर हार्व्स वर्किंग करवायी जा रही है, 09 हार्व्स के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों पर मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है एवं गाड़ी संचालन मे बाधा भी उत्पन्न हो सकती है। यह ज्यादातर समस्यायें रनिंग संवर्ग मे पदोन्नतियॉ प्रदान करने से खत्म हो सकती है परंतु रेल प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही ही नहीं करना चाहता। मजबूरन रनिंग सवंर्ग के रेल कर्मचारियों ने वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के नेतृत्व मे मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय मे विरोध प्रदर्शन किया एवं मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने अपने संबोधन मे कहा कि शीघ्र ही कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जाये अन्यथा रनिंग कर्मचारी भूख हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। प्रदर्शन के उपरांत मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने राम चरण मीना, डी.के. शर्मा, मट्ठू लाल मीना, मुकेश शुक्ला, प्रेम शंकर सैनी सहित ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक से चर्चा की और उन्होने प्रमोशन सहित सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

इस विरोध प्रदर्शन मे मुख्य रूप से चेतराम घोरेला, राजेश शर्मा, प्रेम शंकर सैनी, अमरनाथ पाण्डे, मुकेश शुक्ला, मुकेश मीना डेकवा, नीरज यादव, नरेन्द्र गंभीरा, विजय मेघवाल, रोशन धूलिया, राकेश मीना, मोरध्वज मीना, देवी सिंह, कमलेश मीना, छुट्टन लाल मीना, सचिन कुमार, हरिओम, भीम सिंह समेत सैकड़ो की संख्या मे रनिंग स्टॉफ उपस्थित रहा।

योजना शिविर का आयोजन

छबडा। कोटरापार में स्वस्ति फाउंडेशन के तत्वाधान स्वजन व वाटर संस्थान द्वारा एक दिवसीय योजना शिविर का आयोजन किया गया।संस्था के विजय कुमार शर्मा ने बताया कि ये शिविर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इंडसइंड बैंक के सहयोग से चल रहे एकीकृत सहायता डैस्क के माध्यम से आयोजित शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

रामलीला का मंचन 23 से

कोटा, (निसं)। शिव मंडल विकास समिति की कार्यकारिणी की बैठक रेलवे कॉलोनी क्षेत्र के वर्कशॉप कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। शिव मंडल विकास समिति के अध्यक्ष प्रताप भान सिंह ने बताया कि बैठक में रामलीला का मंचन 23 सितम्बर से 2 अक्टुबर तक किया जाने का तय किया गया है। उन्होने बताया कि इस वर्ष रामलीला का मंचन वृदावन की राजराजेश्वरी रामलीला मंडल द्वारा किया जायेगा।

मादक पदार्थ तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 को महावीर नगर पुलिस टीम ने नाकाबन्दी के दौरान कार्यवही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया था। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से किये गये अनुसंधान के आधार पर अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद-फरोख्त के आरोपी अशोक नागर का नाम सामने आने पर आरोपी की तलाश की जा रही थी। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिये आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू के नेतृत्व मे टीम गठित की गई। गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए जिला बारां के सारथल निवासी अशोक नागर को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

डोटासरा ने मोदी व भजनलाल पर तीखे हमले किए

■ पीसीसी सदस्य शर्मा के नेतृत्व में बूंदी में प्रदेशअध्यक्ष का स्वागत

बूंदी। पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सभी कांठोस कार्यकर्ताओं ने जन आक्रोश रैली में जाते समय कांठोस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का भव्य स्वागत सत्कार किया गया! इस अवसर पर पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने बडा हार एवं साफा बंधवाकर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष का अभिवादन किया । इस अवसर पर जिला प्रमुख चंद्रावती कवर, ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष रामकरण मीणा, प्रेमशंकर राठौड़, उपसभापति लटूर भाई, राजीव गांधी पंचायती राज जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, युवा जिला अध्यक्ष निशांत नुवाल, पूर्व प्रधान भगवान नुवाल, प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा, पीसीसी सचिव संदीप पुरोहित, मधु वर्मा, वार्ड पार्षद टीकम जैन, इरफान इलू, कन्हैयालाल, मंडल अध्यक्ष महावीर गुर्जर, मनवीर सिंह, इमरान देशवाली, गिर्राज मीणा युवा महासचिव, शिवम गुर्जर, सरपंच बालकदास, नाथूलाल बेरवा, पूर्व सरपंच बाबूलाल गुर्जर, मुकेश जैन, संजय शर्मा, यासीन कुरेशी, अनन्त चंदेल, महेश कंजर, जोधराज गुर्जर शाहिद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बूंदी में डोटासरा ने कहा की नेपाल में भडकी हिंसा को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार पर तीखे हमले किए। डोटासरा ने कहा कि पडोसी देशों नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका में जनता की आवाज को दबाने की कोशिशों का परिणाम यह हुआ कि वहां लोग सडकों पर उतर आए और सरकारें संकट में पड गईं । उन्होंने कहा कि नेपाल में तो स्थिति इतनी गंभीर हुई कि प्रधानमंत्री को देश छोडकर भागना पडा । डोटासरा ने चेतावनी दी कि भारत में भी यदि तानाशाही जारी रही और जनता की आवाज को दबाने का सिलसिला नहीं रुका, तो यहां भी व्यापक आक्रोश उत्पन्न हो सकता है. डोटासरा ने कहा, सरकारों को चाहिए कि जनता की आवाज सुने, उनके काम करे और संवेदनशीलता दिखाए, लेकिन आज स्थिति इसके उलट है । सत्ता में बैठे लोग जनता की समस्याओं को सुनने की बजाय अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं, यही चिंता का विषय है।

MAA Bharti Teacher's Training College

Swami Vivekanand Nagar, Kota

Mob. No. 7230002446, 9829191640

Requirement

Faculty of Teaching Staff For B.Ed. College.

Lecturers:- Arts, Science, Commerce, (In All Subject).

Qualification:- As Per New Rules Regulation of N.C.T.E. PG and M.ED with 55% in Both and NET/Ph.Ed/SET in Education.

Application Must be Submit to M.B.T.T. College, Kota till 18.09.2025 with 2 Documents Set and Photographs.

Secretary **Principal**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/372 दिनांक:-10.9.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास संख्या 287 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 288 दिनांक 19.03.2008 को श्रीमती मीता स्वामी पत्नी श्री रवीन्द्र कुमार स्वामी के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्रीमती मीता स्वामी पत्नी श्री रवीन्द्र कुमार स्वामी द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री अजय कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर दयाल शर्मा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.11.2013 को श्री भवानी शंकर नागर पुत्र श्री गोपाल लाल नागर को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री भवानी शंकर नागर पुत्र श्री गोपाल लाल नागर द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 287 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री भवानी शंकर नागर पुत्र श्री गोपाल लाल नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2025/5030-31 **लोक सूचना** दिनांक:-08.09.2025

श्रीमती सुगना बाई कोली पत्नी श्री तेजकरण कोली निवासी हनुमान जी की बावड़ी के पास नागरिक बैंक के सामने सदर बाजार धर्मादा चौराहा बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
बारां तहसील व जिला बारां	बमुलिया	93/545	0.17 है. में से 1640 वर्गमीटर

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.....को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा कोटा शहर, कोटा

क्रमांक : सीबीईओ/को.श./निविदा/कोटा/2025/81 दिनांक:-10.09.2025

खुली निविदा सूचना

स्थानीय कार्यालय के समग्र शिक्षा में सत्र 2025-26 में आयोजित होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में पंजीकृत फर्म/प्रतिष्ठान से विवरणा अनुसार सीलबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्ते इस कार्यालय से निर्धारित शुल्क 500/250 का डीडी एवं बैंकर्स चैक जमा कराकर कार्यालय समय अथवा स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट पोटर्ल पर देखी जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य/ सेवा विषयवस्तु	कार्य एवं सेवा की अनुमानित लागत	यूबीएन नम्बर	निविदा शुल्क
1	टेन्ट सामग्री व्यवस्था	200000	NIB-CODE-EED2526A0441 UBN-NO-EED2526SSLB00473	250
2	भोजन अल्पाहार, चाय एवं पेयजल	950000	NIB-CODE-EED2526A0443 UBN-NO-EED2526SSOB00474	500

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोटा शहर कोटा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कोलोनी, छावनी, कोटा स्थित मकान पैमायशी 800 वर्गफीट जिसकी चतुरसीमाएँ:- पूर्व में रास्ता, पश्चिम में नरेन्द्र कुमार का मकान, उत्तर में रामचन्द्र जी का मकान, दक्षिण में मदन मोहन का मकान स्थित है का पट्टा ग्रामपंचायत छावनी द्वारा गुरदीप सिंह पुत्र हरकी सिंह के पक्ष में जारी किया गया था जिसे उनके द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21.01.1969 के मोहम्मद अय्यूब पुत्र अब्दुल्ला जी को विक्रय किया गया। मोहम्मद अय्यूब द्वारा उक्त मकान का विक्रय डीएस रावत पुत्र लक्ष्मीनारायण को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 08.11.1971 के विक्रय किया गया। दया शंकर रावत द्वारा उक्त मकान का विक्रय महेन्द्र सिंह पुत्र पाला सिंह और जसवंत कौर पत्नी महेन्द्र सिंह के पक्ष में जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 06.09.1982 के किया गया। उक्त मकान की भवन निर्माण स्वीकृति संख्या-10464 दिनांक 23.07.1983 नगर परिषद कोटा द्वारा महेन्द्र सिंह पुत्र पाला सिंह के पक्ष में जारी की गई है। महेन्द्र सिंह पुत्र पाला सिंह की मृत्यु हो जाने के उपरान्त जसवंत कौर पत्नी महेन्द्र सिंह एवं हरनेक सिंह अमरजीत सिंह कुलदीप सिंह पुत्रान महेन्द्र सिंह द्वारा उक्त मकान के ग्राउण्ड फ्लोर पैमायशी 600 वर्गफुट का विक्रय गौरी शंकर पुत्र पन्नालाल को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16.07.1986 के किया गया तथा भूतल पर स्थित एक रूम, एक कमरे, पैमायशी 200 वर्गफीट एवं प्रथमतल पैमायशी 800 वर्गफीट का विक्रय सुनील कुमार पुत्र गौरी शंकर के पक्ष में जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16.07.1986 के किया गया। गौरी शंकर पुत्र पन्नालाल की मृत्यु दिनांक 18.08.2006 को हो गयी है। उनके विधिक वारिसान चन्द्रकान्ता देवी (पत्नी), कमलेश मित्तल, अनिता मित्तल (पुत्रीया), सुनील कुमार गर्ग, अनिल कुमार गर्ग, प्रदीप कुमार गर्ग एवं मनोज कुमार गुप्ता (पुत्र) द्वारा उक्त सम्पूर्ण मकान का विक्रय श्रीमती दिनेश बाई पत्नी महेन्द्र सिंह निवासी-पुष्पा केमिकल के पास, छावनी, कोटा के पक्ष में विक्रय किया जाना एवं श्रीमती दिनेश बाई पत्नी महेन्द्र सिंह द्वारा उक्त मकान को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार टूहोम फाईनेन्स लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर उक्त मकान के असल दस्तावेजात बतौर सिक्युरिटी बंधक रखा जाना प्रस्तावित है। इसमें किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, बैंक, एन.बी.एफ.सी., किसी वित्तीय संस्थान, आदि को कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि के मध्य अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में आपत्ति मय दस्तावेजात प्रस्तुत कर देंवे। बाद मियाद इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति मान्य नही होगी। अत: सूचित हो।

दिनांक: 10.9.25

भवदीय,

रोहित सिंह एडवोकेट

राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 96/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

श्री अजय कुमार पुत्र श्री श्योदास मीना, सी-21 सुखधाम कोलोनी एस.बी.आई. के पास पुलिस लाईन कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास "दीन दयाल आदर्श जन कल्याण समिति" सी-21 सुखधाम कोलोनी एस.बी.आई. पुलिस लाईन कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 12.11.2025 है।

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (गैराज)

email : nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org

क्रमांक :- ननिको(3)/गैराज/2025/1362-1372 दिनांक :- 04/09/2025

निविदा संशोधन सूचना

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा ई- निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-10634-45/2025-26 दिनांक 14.08.2025 को जारी की गई थी। उक्त निविदा की तिथियों मे सहवन से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

क्र.सं.	विवरण	पूर्व मे	संशोधन तारीख
01	Bid Submission End Date	05.09.2025 सांय 4 बजे	15.09.2025 सांय 6 बजे
02	Technical Bid Opening Date	05.09.2025 सांय 5 बजे	16.09.2025 दोपहर 12 बजे

राज.संवाद/सी/25/9584 उपायुक्त (गैराज)

CHAMBAL BREWERIES AND DISTILLERIES LIMITED

Corporate Identification Number: L99999RJ1985PLC046460

Registered Office: House No. 30, 2nd Floor D.A.V School Kei Pass, Talwandi, Kota, Kota, Rajasthan- 324005, India

Contact Number: +917443500607; **Email Address:** chambalbreweries@gmail.com; **Website:** www.chambalkota.in

Recommendations of the Committee of Independent Directors ("IDC") of Chambal Breweries And Distil